Title : The Speaker made references to the passing away of Sh. Chavan Vasantrao Balwantrao, sitting Member of the Lok Sabha; Sh. S. K. Nurul Islam, sitting Member and Member of the fifteenth Lok Sabha; Sh. M. M. Lawrence, Member of the Seventh Lok Sabha; Smt. M. Parvathy, Member of eleventh Lok Sabha and Sh. Harishchandra Deoram Chavan, Member of the fourteenth, fifteenth and sixteenth Lok Sabha

माननीय अध्यक्ष **:** माननीय सदस्यगण, मैं अत्यंत दु:ख के साथ, सभा को 18 वीं लोक सभा के हमारे दो साथियों और तीन पूर्व साथियों के निधन के बारे में सूचित करना चाहता हूँ ।

श्री वसंतराव बलवंतराव चव्हाण महाराष्ट्र के नांदेड संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से इस लोक सभा के सदस्य थे । वे महाराष्ट्र विधान सभा और महाराष्ट्र विधान परिषद के सदस्य भी रहे ।

श्री चव्हाण एक शिक्षाविद थे, जिन्होंने नायगांव, महाराष्ट्र में अनेक शैक्षणिक संस्थान स्थापित किए । श्री वसंतराव बलवंतराव चव्हाण का निधन 70 वर्ष की आयु में 26 अगस्त, 2024 को तेलंगाना के गाचीबोवली में हुआ ।

श्री एस.के. नुरुल इस्लाम पश्चिम बंगाल के बसीरहाट संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 18 वीं लोक सभा के सदस्य थे । वे 15 वीं लोक सभा के सदस्य भी रहे ।

श्री नुरुल इस्लाम ने कृषि संबंधी समिति के सदस्य के रूप में कार्य किया । इससे पूर्व, वह पश्चिम बंगाल विधान सभा के सदस्य भी रहे । श्री एस. के. नुरुल इस्लाम का निधन 60 वर्ष की आयु में 25 सितम्बर, 2024 को पश्चिम बंगाल के उत्तर चौबीस परगना में हुआ ।

श्री एम.एम. लॉरेंस केरल के इडुक्की संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से सातवीं लोक सभा के सदस्य थे । श्री लॉरेंस ने गैर-सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों संबंधी समिति के सदस्य के रूप में कार्य किया । श्री एम.एम. लॉरेंस का निधन 95 वर्ष की आयु में 21 सितम्बर, 2024 को केरल के एरनाकुलम में हुआ ।

श्रीमती एम. पार्वती आंध्र प्रदेश के ओंगोले संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से ग्यारहवीं लोक सभा की सदस्य थीं । वह आंध्र प्रदेश राज्य विधान सभा की सदस्य भी रहीं । श्रीमती एम. पार्वती का निधन 77 वर्ष की आयु में 25 सितम्बर, 2024 को चेन्नई में हुआ ।

श्री हरीशचन्द्र देवराम चव्हाण महाराष्ट्र के डिंडोरी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से चौदहवीं, पन्द्रहवीं और सोलहवीं लोक सभा के सदस्य थे ।

श्री चव्हाण ने अनेक संसदीय समितियों में कार्य किया । इससे पूर्व, श्री चव्हाण महाराष्ट्र विधान सभा के सदस्य रहे थे ।

श्री हरीशचन्द्र देवराम चव्हाण का निधन 72 वर्ष की आयु में 14 नवम्बर, 2024 को महाराष्ट्र के नासिक में हुआ ।

अब, यह सभा दिवंगत आत्माओं के सम्मान में थोड़ी देर मौन रहेगी ।

**11.04 hrs**

*The members than stood in silence for a short while.*

माननीय अध्यक्ष : ओम शांतिः शांतिः शांतिः ।